पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम

पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण योजना (एल एच डी सी पी) का समग्र उद्देश्य पशुधन और कुक्कुट के विभिन्न रोगों के लिए रोगनिरोधी टीकाकरण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, क्षमता निर्माण, रोग निगरानी और पशु चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करके पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करना है।

यह परिकल्पना की गई है कि योजना के कार्यान्वयन से अंततः रोकथाम और नियंत्रण होगा, जिससे रोगों का उन्मूलन, पशु चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि, पशुओं से उच्च उत्पादकता, पशुधन और कुक्कुट तथा पशुधन और कुक्कुट उत्पादों के व्यापार का संवर्धन और पशुधन एवं कुक्कुट किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

उद्देश्य

1. गोपशु, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर सहित 53.5 करोड़ पशुधन का वर्ष में दो बार खुरपका और मुंहपका रोग (एफ एम डी) के लिए टीकाकरण करना।
2. ब्रूसेलोसिस के लिए वार्षिक 3.9 करोड़ मादा बोवाइन बछियों (4-8 महीने) का टीकाकरण करना।
3. सभी भेड़ और बकरियों का टीकाकरण करके 2030 तक पी पी आर के उन्मूलन के लिए गंभीर पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लागू करना और संपूर्ण सूअर आबादी का टीकाकरण करके क्लासिकल स्वाइन ज्वर (सी एस एफ) को नियंत्रित करना।
4. मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (एम वी यू) के माध्यम से किसानों के द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना।
5. राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की प्राथमिकताओं के अनुसार विभिन्न राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में प्रचलित महत्वपूर्ण पशुधन और कुक्कुट रोगों की रोकथाम और नियंत्रण द्वारा पशु रोग नियंत्रण के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना (ए एस सी ए डी)।

कवर होने वाले रोग

खुरपका और मुंहपका रोग (एफ एम डी) खुर वाले पशुओं जैसे गोपशु, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर आदि का एक अत्यधिक संक्रामक वायरल वेसिकुलर रोग है। एफ एम डी से दूध के उत्पादन में कमी, विकास दर में कमी, बांझपन, बैलों में काम करने की क्षमता में कमी तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापार पर प्रतिबंध लगता है। जब तक रोग कम न हो जाए, तब तक अतिसंवेदनशील पशुओं का नियमित अंतराल पर बार-बार व्यापक स्तर पर टीकाकरण करके एफ एम डी का नियंत्रण किया जा सकता है। इससे धीरे-धीरे देश से इस बीमारी का उन्मूलन होगा।

पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पी पी आर), जिसे भेड़ और बकरी प्लेग के रूप में भी जाना जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक पशु रोग है जो घरेलू और जुगाली करने वाले छोटे जंगली पशुओं को प्रभावित करता है। यह जीनस मोरबिली वायरस, फैमिली पैरामिक्सोविरिडे से संबंधित वायरस के कारण होता है। एक बार नए स्तर पर शुरू होने के बाद वायरस, पशु समूह के 90 प्रतिशत पशुओं तक को संक्रमित कर सकता है, और यह रोग संक्रमित पशुओं में से लगभग 70 प्रतिशत पशुओं तक को मार देता है। यह घटक जुगाली करने वाले छोटे पशुओं की सम्पूर्ण पात्र आबादी के 100% प्रभावी कवरेज के लिए, पेस्ट डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (पी पी आर) हेतु कार्पेट टीकाकरण के तहत देश में भेड़ और बकरी की पूरी आबादी को कवर करेगा।

ब्रूसेलोसिस गोपशुओं और भैंसों की प्रजनन संबंधी बीमारी है जो ब्रूसेला एबॉर्टस जीवाणु के कारण होती है। इस रोग के लक्षणों में बुखार, गर्भावस्था के अंतिम चरण में गर्भपात होना, बांझपन, हीट में देरी, लैक्टेशन में बाधा जिसके परिणामस्वरूप बछियों की हानि होती है, मांस और दूध के उत्पादन में कमी होती है। बोवाइन ब्रूसेलोसिस भारत में स्थानिक है और हाल के दिनों में, शायद व्यापार में वृद्धि और पशुधन की तेजी से आवाजाही के कारण इसमें वृद्धि हुई है। बोवाइन पशुओं में ब्रूसेलोसिस के लिए किसी उपचार के अभाव में, टीकाकरण द्वारा रोग को रोका जा सकता है। मादा बोवाइन बछियों (4-8 महीने की उम्र) का जीवनकाल में एक बार टीकाकरण करके ब्रूसेलोसिस का नियंत्रण किया जा सकता है।

क्लासिकल स्वाइन ज्वर (सी एस एफ) सूअरों का एक अत्यधिक संक्रामक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण वायरल रोग है। रोग की गंभीरता वायरस के स्ट्रेन, सूअर की उम्र और झुंड की प्रतिरक्षा स्थिति के साथ बदलती रहती है। तीव्र संक्रमण, जो अत्यधिक विषैले आइसोलेट्स के कारण होते हैं और जिनके कारण नेव हर्ड में उच्च मृत्यु दर होती है, का तेजी से निदान होने की संभावना अधिक होती है। सी एस एफ -सी पी को 100% पात्र सूअर आबादी के लक्ष्य के साथ पूरे देश में लागू किया जाएगा।

मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां (एम वी यू)

- किसानों के द्वार तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए, इस योजना के तहत राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को लगभग एक लाख पशुधन आबादी के लिए प्रति 1 एम वी यू की दर से मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (एम वी यू) के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। ये एम वी यू पशु चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल के लिए निदान, उपचार और मामूली सर्जरी, ऑडियो विजुअल एड्स और पशुओं के इलाज के लिए अन्य बुनियादी आवश्यकताओं के उपकरणों के साथ अनुकूलित निर्मित वाहन (custom fabricated vehicle) होंगे।
- ये एम वी यू संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के किसानों से कॉल सेंटर पर प्राप्त फोन कॉल के आधार पर किसानों के द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। यात्रा के समय को कम करने और लक्षित समय के भीतर सेवा प्रदान करने के लिए इन एम वी यू को रणनीतिक स्थानों पर तैनात करने की आवश्यकता होगी।

किसानों के लिए कॉल सेंटर

प्रत्येक राज्य / संघ राज्य क्षेत्र में मौजूदा कॉल सेंटर के साथ एक राज्य / संघ राज्य क्षेत्र स्तर का कॉल सेंटर भी स्थापित / संरेखित किया जाना चाहिए। कॉल सेंटर मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते समय धुरी के रूप में कार्य करेगा। यह पशुपालकों / पशु मालिकों से कॉल प्राप्त करेगा और उन्हें कॉल सेंटर के पशु चिकित्सक को भेजेगा। एम वी यू को निर्देशित करने का निर्णय पशु चिकित्सा मामले की आकस्मिक प्रकृति पर होगा जैसा कि कॉल सेंटर में पशु चिकित्सक द्वारा तय किया जाएगा। कॉल सेंटर एम वी यू की आवाजाही और उपयोग की निगरानी के लिए भी जिम्मेदार होगा। कॉल सेंटर पशु मालिक के यू आई डी और मोबाइल नंबर के माध्यम से वास्तविक सेवाओं की पुष्टि करेगा और संबंधित राज्य के साथ डेटा साझा करेगा।

पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता

इसमें प्रचलित रोग (रोगों) और किसानों को होने वाली हानि के कारण राज्य / संघ राज्य क्षेत्र द्वारा विधिवत प्राथमिकता वाले पशुधन और घरेलू कुक्कुट के आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण रोगों के लिए टीकाकरण संबंधी गतिविधियां होंगी। एंथ्रेक्स और रेबीज जैसे जूनोटिक रोगों के लिए टीकाकरण को भी उचित प्रासंगिकता दी जाएगी, जिसके लिए उनसे प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता दी जाएगी।

एक अन्य क्रियाकलाप जिसे प्राथमिकता दी गई है वह है 'आकस्मिक और विदेशी रोगों का नियंत्रण'। इस गतिविधि में विदेशी रोगों के प्रवेश के साथ-साथ आकस्मिक / पुनः उभरने वाले पशुधन / कुक्कुट रोगों की जांच के लिए निगरानी और संबंधित गतिविधियां शामिल हैं। रोग के प्रसार को रोकने के लिए (रोग के प्रकोप के मामलों में) रिंग टीकाकरण के साथ-साथ कुक्कुट पक्षियों को मारने के लिए किसानों को मुआवजे के भुगतान, संक्रमित पशुओं का उन्मूलन करने, कुक्कुट आहार / अंडे को नष्ट करने के लिए भी सहायता दी जाएगी, जिसमें परिचालन लागत भी शामिल है।

ए एस सी ए डी घटक के तहत तीसरा क्रियाकलाप 'अनुसंधान और नवाचार', प्रचार और जागरूकता, प्रशिक्षण और संबद्ध क्रियाकलाप है। जबकि प्रचार और जागरूकता और प्रशिक्षण आदि मौजूदा ए एस सी ए डी घटक के तहत विद्यमान क्रियाकलाप हैं, दूसरी ओर 'अनुसंधान और नवाचार' एक नया प्रस्तावित क्रियाकलाप है। इस क्रियाकलाप के तहत यह परिकल्पना की गई है कि मान्यता प्राप्त निजी / सार्वजनिक संस्थानों, अन्य मंत्रालयों / विभागों आदि को अनुसंधान और नवाचारों / प्रशिक्षणों / क्षमता निर्माण / संकट प्रबंधन मॉक ड्रिल आदि में सहयोग के लिए निधियां जारी की जा सकती हैं।

विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए विभाग की वेबसाइट **www.dahd.nic.in** को देखें या राज्य पशुपालन विभाग से संपर्क करें।

विवरण् के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सत्यमेव जयते

पशुपालन और डेयरी विभाग
मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
भारत सरकार